सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में बाहर होने से उन्हें यूएस ओपन के लिए करीब दो सप्ताह का अतिरिक्त अभ्यास समय मिला। 20वीं बार यूएस ओपन में हिस्सा लेते हुए रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब पर नजर टिकाए हुए हूँ। **– नोवाक जोकोविच**

टेनिस खिलाड़ी, यूएस ओपन में खेलने को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

रोजर फेडरर



महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर शनिवार को इंटरनेशनल टेनिस 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किए जाने के दौरान भावुक हो गए। 'स्विस मैस्ट्रो' के नाम से मशहूर फेडरर ने अपने शानदार करियर में आठ विंबलडन, छह ऑस्ट्रेलियन ओपन और एक फ्रेंच ओपन खिताब जीता। वह लगातार 237 सप्ताह तक एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी रहे। वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले केवल आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं। बीस ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने वाले फेडरर अपने करीब 30 मिनट के भाषण के दौरान कई बार रो पड़े।

क्या आप जानते हैं ?... सर्वाधिक आईसीसी फाइनल: टीम इंडिया ने अब तक कुल 15 आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल खेले हैं, जो कि एक विश्व रिकॉर्ड है।

भारतीय टीम के खिलाड़ियों का बेंगलुरु में फिटनेस परीक्षण, नए सत्र की तैयारी शुरू

नई दिल्ली, 30 अगस्त। श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैच की श्रृंखला खत्म होने के 48 घंटे के भीतर भारतीय टीम के शीर्ष केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ी शनिवार को बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में नए घरेलू सत्र से पहले फिटनेस परीक्षण के लिए पहुंचे। लगातार तीन दिन मैदान पर कड़ी मेहनत करने के बाद भी टेस्ट टीम के कई नियमित खिलाड़ियों ने आगामी आठ महीने के व्यस्त सत्र को ध्यान में रखते हुए फिटनेस मानकों की जांच में हिस्सा लिया। यह सत्र 2027 इंडियन प्रीमियर लीग तक चलेगा। अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के अलावा टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर, छोटे प्रारूप के विशेषज्ञ रिंकू सिंह, संजू सैमसन और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ सहित कई खिलाड़ी फिटनेस जांच में पसीना बहाते नजर आए। अनिवार्य फिटनेस जांच में 'ब्रोंको टेस्ट', '2 किलोमीटर दौड़', 'यो-यो टेस्ट' और क्रिकेट से जुड़ी ड्रिल्स जैसे विकेटों के बीच दौड़ना शामिल हैं। 'ब्रोंको टेस्ट' में शुरुआती बिंदु (0 मीटर), 20 मीटर, 40 मीटर और 60 मीटर पर 'कोन' लगाए जाते हैं।

खिलाड़ियों को बिना रुके पांच सेट में 0 से 20 मीटर और वापस, फिर 40 मीटर और 60 मीटर तक दौड़ पूरी करनी होती है। इसमें कुल 1200 मीटर की दूरी पांच मिनट 30 सेकेंड में पूरी करनी होती है। 'यो-यो टेस्ट' का मानक लंबे समय से 16.5 है जबकि दो किलोमीटर दौड़ (2000 मीटर) को 10 मिनट के भीतर पूरा करना होता है।

हालांकि जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पंड्या और नीतिश कुमार रेड्डी पूरी तरह फिट घोषित होने के बाद ही इन फिटनेस परीक्षणों में हिस्सा लेंगे। ये खिलाड़ी फिलहाल चोट से उबरने के लिए 'रिहैब' प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को फिलहाल इस जांच से छूट दी गई है क्योंकि उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ लगातार दो टेस्ट मैच में काफी गेंदबाजी की थी।

इस बीच, इंग्लैंड दौरे के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव की परेशानी से जूझने वाले प्रिंस यादव अब फिट हो गए हैं और चयन के लिए उपलब्ध हैं। बीसीसीआई का घरेलू सत्र 'इंडिया क्रिकेट' हर साल सितंबर में शुरू होता है। इस बार इसकी शुरुआत नयी दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से होगी।

इसके बाद टी20 टीम एशियाई खेलों के लिए जापान जाएगी जबकि उसी समय सीमित ओवरों के विशेषज्ञों की एक अन्य टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खेलेगी। इसके अलावा सितंबर के अंतिम सप्ताह से अक्टूबर के दूसरे सप्ताह तक पुडुचेरी में भारत 'ए' और ऑस्ट्रेलिया 'ए' के बीच श्रृंखला भी आयोजित होगी।

श्रीलंका से छिनी पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानीः आईसीसी ने लगाया सरकारी दखल का आरोप; अब दूसरे देश में होगा टूर्नामेंट

नई दिल्ली, 30 अगस्त। 2027 में होने वाली पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी श्रीलंका से छिन गई है। आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट में सरकारी दखल को लेकर आपत्ति जताई है। अब 14 से 28 फरवरी तक होने वाला छह टीमों का टूर्नामेंट किसी दूसरे देश में खेला जाएगा।

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) का कामकाज फिलहाल सरकार की बनाई ट्रांसफॉर्मेशन कमेटी देख रही है। आईसीसीके नियमों के मुताबिक सदस्य बोर्ड को सरकार के हस्तक्षेप के बिना स्वतंत्र रूप से काम करना होता है।

आईसीसी बोर्ड बैठक में शामिल नहीं हो रहे श्रीलंकाई प्रतिनिधि: एसएलसी ट्रांसफॉर्मेशन कमेटी के सचिव प्रकाश शाफ्टर ने मेजबानी हटाए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट श्रीलंका से बाहर होगा, लेकिन नए मेजबान का फैसला अभी नहीं हुआ है।

आईसीसी श्रीलंका में जल्द चुनाव कराने और निर्वाचित क्रिकेट बोर्ड बहाल करने की मांग कर रहा है। ट्रांसफॉर्मेशन कमेटी के प्रतिनिधियों को आईसीसीबोर्ड की बैठकों में शामिल होने की अनुमति भी नहीं है।

श्रीलंका की मेजबानी में 6 टीमें खेलनी थीं : महिला चैंपियंस ट्रॉफी 14 से 28 फरवरी 2027 तक टी-20 फॉर्मेट में खेला जाना है। इसमें 6 टीमें हिस्सा लेंगी।

मेजबान होने के कारण श्रीलंका को सीधे टूर्नामेंट में जगह मिलनी थी। अब मेजबान बदलने के बाद उसकी भागीदारी पर भी सवाल खड़ा हो गया है। श्रीलंका फिलहाल महिला वनडे रैंकिंग में छठे स्थान पर है। आईसीसी ने अभी नई क्वालिफिकेशन व्यवस्था स्पष्ट नहीं की है।

मेजबानी जाने से टूरिज्म को भी नुकसान : टूर्नामेंट दूसरे देश में जाने से श्रीलंका को क्रिकेट के साथ आर्थिक नुकसान भी होगा। टीमों, अधिकारियों और दर्शकों के आने से होटल और पर्यटन कारोबार को फायदा मिलना था।

ब्रॉडकास्टिंग और आयोजन से होने वाली कमाई का हिस्सा भी श्रीलंका को नहीं मिलेगा। इसके अलावा घरेलू क्रिकेट के लिए मिलने वाले आयोजन से जुड़े अवसर भी खत्म हो जाएंगे।

2023 में भी आईसीसी ने किया था निलंबित: सरकारी दखल को लेकर श्रीलंका पहले भी आईसीसी की कार्रवाई झेल चुका है। 2023 में आईसीसी ने एसएलसी को निलंबित कर दिया था। इसके बाद 2024 मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप की मेजबानी भी श्रीलंका से छीनकर साउथ अफ्रीका को दे दी गई थी।

अप्रैल 2026 में श्रीलंका सरकार ने बोर्ड का कामकाज अस्थायी तौर पर ट्रांसफॉर्मेशन कमेटी को सौंपा था। आईसीसी तब से निर्वाचित बोर्ड की बहाली और जल्द चुनाव कराने पर जोर दे रहा है।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतर्गत संडे ऑन साइकिल एवं बास्केटबॉल फाइनल का आयोजन

जयपुर, 30 अगस्त। राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के अंतर्गत रविवार को सवाई मान सिंह स्टेडियम, जयपुर में संडे ऑन साइकिल एवं बास्केटबॉल के फाइनल मुकाबलों का आयोजन किया गया। संडे ऑन साइकिल का आयोजन प्रातः 6:30 बजे मेन बिल्डिंग के सामने से किया गया, जिसे राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के खेल अधिकारी (प्रशिक्षण) करण सिंह शेखावत एवं साईं के अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस साइकिल रैली में लगभग 200 खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, अधिकारियों एवं साइक्लिस्टों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के खेल अधिकारी (प्रशिक्षण) करण सिंह शेखावत ने बताया कि संडे ऑन साइकिल के पश्चात बास्केटबॉल के फाइनल मुकाबले खेले गए। जिसमें पुरुष वर्ग का फाइनल मुकाबला जयपुर जिला और बास्केटबॉल अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें जयपुर जिला ने रोमांचक मुकाबले में बास्केटबॉल अकादमी को 72-68 के अंतर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में विद्यास्थली ने एसएमएस क्लब को 32-28 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार पुरुष वर्ग में जयपुर जिला प्रथम, बास्केटबॉल अकादमी द्वितीय, विद्यास्थली तृतीय एवं एसएमएस क्लब चतुर्थ स्थान पर रहा। पुरुष वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जुबेर को दिया गया। उन्होंने बताया कि महिला वर्ग के फाइनल मुकाबले में जयपुर अकादमी ने एमपीएस स्कूल को 40-29 से हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में एसएमएस क्लब ने विद्यास्थली को 24-18 से पराजित किया। महिला वर्ग में जयपुर अकादमी प्रथम, एमपीएस स्कूल द्वितीय, एसएमएस क्लब तृतीय एवं विद्यास्थली चतुर्थ स्थान पर रही। महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भावना को दिया गया। करण सिंह शेखावत ने बताया कि इसके बाद प्रशिक्षकों के बीच बास्केटबॉल का एक मैत्री मैच भी खेला गया, जिसमें सभी प्रशिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एशिया कप : भारत ने थाईलैंड को 94 रनों से हराया, शेफाली के बाद नंदिनी और दीप्ति ने बिखेरा जलवा

नई दिल्ली, 30 अगस्त। भारतीय महिला टीम ने एशिया कप के अपने पहले मैच में थाईलैंड को हराकर विजयी शुरुआत की है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में नौ विकेट पर 159 रन बनाए।

जवाब में थाईलैंड की टीम 16.1 ओवर में 65 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए इस मैच में शेफाली वर्मा ने जहां बल्लेबाजी में कमाल किया तो वहीं, नंदिनी शर्मा और दीप्ति शर्मा ने गेंद से दम दिखाया। दीप्ति ने बिना एक भी रन खर्च किए तीन विकेट झटके।

मंधाना ने सूजी बेट्स को पीछे छोड़ा : भारत को मंधाना के रूप में पहला झटका लगा जो रन आउट होकर पवेलियन लौट गईं। मंधाना ने 10 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 19 रन बनाए।

मंधाना इस मैच में भले ही सस्ते में आउट हुईं, लेकिन उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बड़ा कीर्तिमान बना लिया। मंधाना महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली दूसरी बल्लेबाज बन गई हैं। मंधाना ने इस मामले में सूजी बेट्स को पीछे छोड़ दिया है। बेट्स ने महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10740 रन बनाए हैं। अब मंधाना उनसे आगे निकल गई हैं।मंधाना से आगे अब भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर में 10868 रन बनाए हैं।

शेफाली का अर्धशतक: थाईलैंड के खिलाफ भारतीय महिला टीम ने अच्छी शुरुआत की। शेफाली वर्मा ने शुरुआत से दी दबाव बनाया। मंधाना के रूप में हालांकि, भारत को पहला झटका लगा। लेकिन शेफाली ने रन गति कम नहीं होने दी और लगातार बड़े शॉट्स लगाती रहीं। भारत ने इस तरह पावरप्ले में एक विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाए। महिला टी20 एशिया कप में पावरप्ले का यह सबसे बड़ा स्कोर है।

इससे पहले भी ये रिकॉर्ड भारत के ही नाम था। भारतीय टीम ने 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 59 रन बनाए थे। शेफाली ने इसके बाद भी दमदार बल्लेबाजी जारी रखी और 26 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया।

रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

नई दिल्ली, 30 अगस्त । दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। वनडे सीरीज की शुरुआत 24 सितंबर को डरबन में होगी और तीसरा मैच 30 सितंबर को खेला जाएगा। रबाडा को एक हफ्ते पहले हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने रबाडा की चोट के बारे में पूरी जानकारी नहीं दी है लेकिन उन्होंने यह कन्फर्म किया है कि रबाडा कम-से-कम अगले साढ़े चार हफ्ते तक खेल से दूर रहेंगे। रबाडा उस टी20 टीम का भी हिस्सा नहीं हैं जो नामीबिया में ट्राई-सीरीज खेलने गई है। सीएसए ने क्रिकइन्फो को बताया कि रबाडा वर्तमान में क्रिकेट साउथ अफ्रीका की मेडिकल टीम की निगरानी में चोट से उबरने के शुरुआती चरण से गुजर रहे हैं। सीएसए ने कहा कि रबाडा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24-30 सितंबर तक होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए उनकी उपलब्धता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह अपने पुनर्वास के माध्यम से कैसे आगे बढ़ते हैं, उनके चयन पर निर्णय सीरीज के करीब लिया जाएगा। नामीबिया में चल रही ट्राई-सीरीज की बात करें तो दक्षिण अफ्रीका ने नामीबिया से मिली शुरुआती हार से उबरते हुए अगले मैच में जिम्बाब्वे पर सात विकेट से जीत दर्ज की।

हमारे लिए ब्रेविस को बल्लेबाजी करते देखना उत्साह बढ़ाने वाला : सुब्रायन

नई दिल्ली, 30 अगस्त । दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजी ऑलराउंडर प्रेनेलन सुब्रायन ने युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि ड्रेसिंग रूम में हमारे लिए उसे बल्लेबाजी करते देखना काफी उत्साह बढ़ाने वाला होता है। खासकर जब आप देखते हैं कि तीसरा अंपायर हर दूसरे ओवर में नई गेंद लेकर दौड़ रहा है।

नामीबिया के हाथों त्रिकोणीय सीरीज के पहले मुकाबले में चौंकाने वाली हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ शानदार जीत दर्ज कर वापसी की। इस जीत के नायक डेवाल्ड ब्रेविस रहे, जिन्होंने महज 32 गेंदों पर नाबाद 75 रन की पारी खेली। ब्रेविस ने अपनी पारी में 7 चौके और छह छक्के लगाए। इससे पहले नामीबिया के खिलाफ मुकाबले में भी उन्होंने 50 गेंदों पर 75 रन बनाकर टीम को जीत दिलाने की पूरी कोशिश की थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य हासिल नहीं कर सका था। जिम्बाब्वे के खिलाफ ब्रेविस ने अपनी पिछली पारी की निराशा को पीछे छोड़ते हुए टीम को जीत तक पहुंचाया। आईसीसी के अनुसार प्रेनेलन सुब्रायन ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि नामीबिया के खिलाफ और जिम्बाब्वे के खिलाफ डेवाल्ड ने शानदार बल्लेबाजी की। बीते दिन वह निराश था क्योंकि वह टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सका था। उसने उस अनुभव से सीख ली और जिम्बाब्वे के विरुद्ध टीम को जीत दिलाकर ही लौटा।

चेल्सी ने अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को तीन साल के लिए साइन किया

नई दिल्ली, 30 अगस्त। इंग्लिश फुटबॉल क्लब चेल्सी ने अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को तीन साल के करार पर साइन करने की घोषणा की है। 33 वर्षीय मार्टिनेज इससे पहले छह सत्र तक एस्टन विला के साथ रहे और इस दौरान क्लब के लिए 256 मैच खेले। मार्टिनेज ने एस्टन विला के साथ अपने कार्यकाल में शानदार प्रदर्शन किया। पिछले सत्र में उन्होंने क्लब को यूईएफए यूरोपा लीग खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। अब वह चेल्सी की गोलकीपिंग इकाई को मजबूती देंगे। चेल्सी में शामिल होने के बाद मार्टिनेज ने क्लब की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा कि "मैं इस फुटबॉल क्लब में आकर बहुत खुश हूं। चेल्सी आना मेरे और मेरे परिवार के लिए एक आसान फैसला था। मैं बहुत उत्साहित हूं और जल्द से जल्द काम शुरू करने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।" मैं ऐसा इंसान हूं जो हर काम में जीतना चाहता है और मैं इस फुटबॉल क्लब में भी यही सोच लाना चाहता हूं, क्योंकि यह क्लब खिताब जीतता है। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा मेल है।" इंडिपेंडिएंट के साथ अपना युवा करियर शुरू करने के बाद मार्टिनेज अगस्त 2010 में 17 साल की उम्र में आर्सेनल से जुड़ गए। 2019-20 सत्र में वह आर्सेनल के नियमित खिलाड़ी बने। इसके बाद सितंबर 2020 में वह एस्टन विला से जुड़े। विला में अपने छह सत्रों के दौरान मार्टिनेज ने खुद को दुनिया के शीर्ष गोलकीपरों में स्थापित किया। क्लब के लिए उन्होंने कुल 256 मुकाबले खेले। मार्टिनेज ने जून 2021 में अर्जेंटीना के लिए अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया और इसके बाद टीम के पहली पसंद के गोलकीपर बने। उन्होंने अर्जेंटीना के लिए अब तक 67 मैच खेले हैं। उनके करियर की सबसे बड़ी उपलब्धियों में 2021 और 2024 में कोपा अमेरिका खिताब तथा 2022 में फीफा विश्व कप जीत शामिल है।

लियोनेल मेस्सी ने रचा इतिहास, इंटर मियामी ने सीएफ मॉन्ट्रियल को 7-1 से दी करारी मात

नई दिल्ली, 30 अगस्त। दिग्गज लियोनेल मेस्सी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में पहली बार एक मैच में चार गोल दागे, जिससे इंटर मियामी ने शनिवार को सीएफ मॉन्ट्रियल को 7-1 से करारी शिकस्त दी। मेस्सी ने इस दौरान दूसरे हाफ में तीन गोल किये और एक गोल में मदद की। इंटर मियामी ने 20वें मिनट में तेलास्को सेगोविया के कॉर्नर पर कार्लोस कासेमिरो के हेडर की मदद से बढ़त बनाई लेकिन मॉन्ट्रियल ने 37वें मिनट में फैबियन हर्बर्स के गोल से स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद मेस्सी ने अपना कमाल दिखाना शुरू किया। उन्होंने 40वें मिनट में फ्री-किक पर गोल करके इंटर मियामी को 2-1 से आगे कर दिया। यह मौजूदा सत्र में उनका 15वां गोल था। दूसरे हाफ में मेस्सी ने 52वें मिनट में एक और गोल कर टीम की बढ़त 3-1 कर दी। इसके बाद 80वें मिनट में मेस्सी की मदद से लुइस सुआरेज ने गोल दागकर स्कोर 4-1 कर दिया। मेस्सी ने 83वें मिनट में अपना तीसरा गोल करके स्कोर 5-1 कर दिया। 89वें मिनट में 18 वर्षीय रूकी अलेक्जेंडर शॉ ने अपना पहला गोल करते हुए इंटर मियामी की बढ़त 6-1 कर दी। इंजरी टाइम के छठे मिनट में मेस्सी ने फ्री-किक पर अपना चौथा गोल दागकर टीम को 7-1 की शानदार जीत दिलाई।

राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर ट्रॉफी : जयपुर, नागौर, श्रीगंगानगर, टोंक, सीकर, झुंझनू, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी जीती

अनमोल का शतक, अविनाश यादव, यश चौधरी चमके

जयपुर, 30 अगस्त, राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में जयपुर में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 19 डूंगरपुर ट्रॉफी के आज खेले गए लीग मैचों के परिणाम।

जयपुर - हनुमानगढ़ मैच (जयपुर जीती), हनुमानगढ़ पारी 71 आल आउटजयपुर के गेंदबाज अविनाश यादव 29 /5 व प्रतीक चौधरी 11 /2 विकेट जयपुर पारी 73 /0, टीम के लिए गौरव नाबाद 40 व शिफॉन नाबाद 30 रन

झालावाड़ - नागौर मैच (नागौर जीती), झालावाड़ पारी 101 आल आउटनागौर के गेंदबाज यश चौधरी 10 /6 व पंकज 35 /2 विकेट नागौर पारी 105 /5, टीम के लिए राघव 24 रन झालावाड़ के गेंदबाज युवराज वशिष्ट 29 /2 विकेट सवाई माधोपुर - श्रीगंगानगर मैच (श्रीगंगानगर जीती)

सवाई माधोपुर पारी 170 आल आउट, टीम के लिए तनिश सिंघल 65 व कैफ मिर्ज़ा 51 रन श्रीगंगानगर के गेंदबाज नितिन 26 /4, मुरलीधर 29 /3 विकेटश्रीगंगानगर पारी 171 /5, टीम के लिए जश्नदीआप46, आदित्य भाम्भू 39 व अनुज नाबाद 33 रनसवाई माधोपुर के गेंदबजाआदित्य रावत 25 /2 विकेट

टोंक -प्रतापगढ़ मैच (टोंक जीती), टोंक पारी 178 आल आउट, टीम के लिए अक्ष चतुर्वेदी 56 रन प्रतापगढ़ के गेंदबाज रुद्रांश 20 /4 व पियूष 38 /3, प्रतापगढ़ पारी 166 आल आउट, टीम के लिए बिंदास लबाना 44 व रुद्रांश 30 रन, टोंक के गेंदबाज आदित्य वाधवा 34 /4 ।

सीकर - धौलपुर मैच (सीकर जीती), सीकर पारी 185 आल आउट, टीम के लिए भव्य चौधरी 59, रोनित 53 रन धौलपुर के गेंदबाज अथर्व 5 /3, दिव्यांशु38 /3 व सुजल 32 /2 विकेट। धौलपुर पारी 49 आल आउट सीकर के गेंदबाज लक्ष्य वैष्णव 6 /3, भव्य चौधरी 9 /3 व अभिषेक 26 /3 विकेट।

जैसलमेर - झुंझनू मैच (झुंझनूजीती), जैसलमेर पारी 119 आल आउट, टीम के लिए चेतन कुमार 50 रन झुंझनूके गेंदबाज मयंक 20 /4, प्रथम स्वामी 14 /3,झुंझनूपारी 120 /2, टीम के लिए ऋषभदेव 51 रनजैसलमेर के गेंदबाज युवराज 8 /2 विकेट।

भरतपुर - उदयपुर मैच (भरतपुर जीती), भरतपुर पारी 274 /10, टीम के लिए अनमोल 102, गिरीश चौधरी 55, आर्यन 37 रन उदयपुर के गेंदबाज लक्ष्य यादव 27 /4, चित्रांक्ष, हिमांशु 2 -2 विकेट। उदयपुर पारी 45 /8, टीम के लिए मीट लालवानी 79, सुभाष तुलसीजा55 रन। भरतपुर के गेंदबाज हिमांशु 43 /3, आर्यन, तनिश 2 -2 विकेट।

कोटा - भीलवाड़ा (भीलवाड़ा जीती), कोटा पारी 250 आल आउट, टीम के लिए आरध्या 59, शिवराज 54 रन। भीलवाड़ा के गेंदबाज महेंद्र सिंह 38 /3, भीलवाड़ा पारी 251 /7, टीम के लिए शौर्य वर्धन 89, कुशाग्रओझा 52 व अखिल 30 रन। कोटा के गेंदबाज एकांश शर्मा 50 /3 व तनिश 41 /2।

बूंदी - राजसमंद मैच (बूंदी जीती), बूंदी पारी 242 /9, टीम के लिए जसकिरणदीप 61, तथागत गुर्जर 55, राजसमंद के गेंदबाज देलेक भटनागर 27 /3 व सुमित साल्वी30 /3, राजसमंद पारी 221 /8, टीम के लिए देलेक 42 रन। बूंदी के गेंदबाज सिद्धांत सोनी 42 /3 व अमृतपाल, निशांत 2 -2 विकेट।

अर्जेंटीना ने महिला विश्व कप जीतकर रचा इतिहास, शूटआउट में नीदरलैंड को हराया

नई दिल्ली, 30 अगस्त। अर्जेंटीना ने सह मेजबान नीदरलैंड का लगातार चौथा महिला विश्व कप जीतने का सपना तोड़ते हुए शनिवार को पेनल्टी शूट आउट में उसे 3-1 से हराकर पिछली बार की हार का बदला चुकता करते हुए तीसरा खिताब जीत लिया। पिछली बार विश्व कप में अर्जेंटीना को नीदरलैंड ने 3 - 1 से ही हराया था। इससे पहले अर्जेंटीना ने 2002 और 2010 में नीदरलैंड को हराकर ही खिताब जीता था जबकि नौ बार की चैम्पियन नीदरलैंड दसवीं बार चैम्पियन बनने से चूक गया। पेनल्टी शूटआउट में अर्जेंटीना के लिये विक्टोरिया ग्रानाटो, ब्रिसा ब्रगेसेर और सोफिया काइरो ने गोल दागे जबकि डियाज जो का गोल अमान्य करार दिया गया। वहीं नीदरलैंड के लिये वीन मारिन ने गोल किया जबकि पियेन सैंडर्स, फेलिस अलबर्स और मोएस फ्रीके के निशाने चूक गए। नारंगी रंग से सराबोर खचाखच भरे वेगनेर स्टेडियम पर इस विश्व कप के आखिरी मैच में नीदरलैंड के लिये पहला गोल 30वें मिनट में दुनिया की नंबर एक ड्रैग फ्लिकर मानी जाने वाली यिब्बी यानसेन ने किया। अर्जेंटीना को मैच का छठा पेनल्टी कॉर्नर मिला कप्जान ग्रानाटो ने रिबाउंड पर गेंद को गोल के भीतर डाल दिया।

अस्मिता खेलों इंडिया वुशू महिला लीग का समापन, चौगान क्लब रहा विजेता

जयपुर, 30 अगस्त। भारत सरकार एवं भारतीय खेल प्राधिकरण की पहल के तहत खेलों में महिला खिलाड़ियों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से जयपुर वुशू संघ के तत्वावधान में दिनांक 29 से 30 अगस्त तक चौगान स्टेडियम मे आयोजित की गई अस्मिता खेलों इंडिया वुशू महिला लीग का आज पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया गया। हीरानन्द कटारिया, अध्यक्ष, जयपुर वुशू संघ ने कहा कि महिला खिलाड़ियों को निरंतर प्रतियोगितात्मक मंच उपलब्ध करवाने से उनमें आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का विकास होगा। प्रतियोगिता में सर्वाधिक पदकों के साथ चौगान क्लब रहा विजेता, दूसरे स्थान पर एवर शाइन स्कूल रहा एवं समान पदकों के साथ डी ए वी सीनियर सेकन्डेरी स्कूल एवं हिम्मत मार्शल आर्ट अकादेमी तीसरे स्थान पर रहे।

भीलवाड़ा में 2 सितंबर से सजेगा योनेक्स-सनराइज नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप का महाकुंभ; तैयारियाँ पूरी

भीलवाड़ा, 30 अगस्त। राजस्थान बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में तथा भीलवाड़ा जिला बैडमिंटन संघ की मेजबानी में 'योनेक्स-सनराइज नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप' का भव्य आयोजन 2 से 6 सितंबर तक होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन सांगानेर रोड स्थित फोरआर्म्स बैडमिंटन एकेडमी में किया जाएगा। शीर्ष खिलाड़ियों का लगेगा

आयोजन सचिव अभिषेक शर्मा ने बताया कि राजस्थान टीम के कई स्टार खिलाड़ी शुभम पटेल (भारतीय टीम के पूर्व जूनियर सदस्य), डेनिष श्रीवास्तव, भुवन सिंह, आयुष भाम्भू, जागृत बिनानी, आर्यन त्यागी तथा महिला खिलाड़ियों में ऑल इंडिया जूनियर रैंकिग विजेता पारूल चौधरी, स्नेहा लांबा, तनिषा सिंह, काव्या स्वामी, षिरिल चौधरी, रितिका झामनानी, देषना जैन, आराध्या जोधा आज भीलवाड़ा पहुँच चुके हैं और उन्होंने कोच सौरभ चंदेल के मार्गदर्षन में फोरआर्म्स एकेडमी के आधुनिक कोर्ट्स पर अपना कड़ा अभ्यास शुरू कर दिया है।

राजस्थान के शेष खिलाड़ी कल तक भीलवाड़ा में रिपोर्ट करेंगे। इसके साथ ही दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ राज्यों की टीमें 1 सितंबर तक भीलवाड़ा पहुँच जाएँगी।

आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल ने बताया कि चैंपियनशिप के सफल संचालन के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। बाहर से आने वाले सैंकड़ों खिलाड़ियों, कोचों और मैच ऑफिशियल (निर्णायकों) के लिए उच्च स्तरीय आवास (रहने), सात्विक एवं पौष्टिक भोजन तथा मैच स्थल तक आने-जाने के लिए सुगम ट्रांसपोर्ट की पुख्ता व्यवस्थाएँ की गई हैं।

नार्थ जोन स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप (भीलवाड़ा) के लिए राजस्थान टीम घोषित: आगामी नार्थ जोन स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन 2 सितंबर से 6 सितंबर तक भीलवाड़ा की फोर आर्म्स एकेडमी में होने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए राजस्थान की पुरुष और महिला सीनियर तथा -19 (बालक एवं बालिका) टीमों की घोषणा कर दी गई है। राज्य के प्रतिभाशाली खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान की टीम इस चैंपियनशिप में पहले भी विजेता और उपविजेता रह चुकी है, जिसके आधार पर इस बार राजस्थान टीम के चैंपियन बनने के पूरे चांस हैं।

सीनियर पुरुष एवं महिला टीम : पुरुष टीम : शुभम पटेल, भुवन सिंह, डेनिस श्रीवास्तव, आयुष भाम्भू, मनीष फोगाट, सुदीप चाहर, प्रणय कट्टा, आर्यन त्यागी, जागृत बिनानी, संस्कार सारस्वत।

महिला टीम : स्नेहा लांबा, आनंदिता ताम्र, आराध्या जोधा, देशना जैन, शैरिल चौधरी, तनीषा सिंह, रीतिका झामनानी, उत्सवा पालित, काव्या स्वामी, पारुल चौधरी

राजस्थान अंडर -19 (बालक एवं बालिका) टीम : बालक **अंडर** 19 टीम : विशाल चौधरी, श्रेयांश चौधरी, भानु प्रताप, जयवर्धन सिंह, भानु प्रताप सिंह, जांगजीत सिंह काजला,